समाचार.प्रकाषनार्थरू.

सुरो की महफिल में सजे स्वच्छता के गीत

नगर निगम द्वारा आयोजित स्वच्छता गीत. गायन प्रतियोगिता में सैकड़ों प्रतियोगियों ने हिस्सा लेकर बेहतरीन प्रस्तुती दी।

रतलाम 02 अप्रैल । नगर निगम रतलाम द्वारा 1 अप्रैल को गुलाब चक्कर पर स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत स्वरचित स्वच्छता गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन कलेक्टर एवं निगम प्रषासक श्री कुमार पुरूशोत्तमए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में आयोजित की गई।

प्रतियोगिता में सीनियर और जूनियर वर्ग में प्राप्त 365 एंट्री में से चयनित सैकड़ों प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सीनियर वर्ग में आशीष दशोत्तर द्वारा रचित व जितेंद्र चौहान द्वारा संगीतबद्ध किये गये गीत की संजय चौधरी द्वारा प्रस्तुती पर उन्हें प्रथम पुरस्कार दिया गया। इसी वर्ग में द्वितीय पुरस्कार संगीता जैनए तृतीय पुरस्कार विशाल पांचाल एवं चतुर्थ एवं पंचम प्रोत्साहन पुरस्कार अभिजीत ऊंटवाल एवं प्रिया उपाध्याय को दिया गया।

जूनियर वर्ग में प्रथम पुलकित निगम द्वितीय भावी जैनए तृतीय दीया परसाई चतुर्थ निशा सोलंकी एवं पंचम पुरस्कार भुवी व्यास को दिया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्रोफ़ेसर बीण वर्षा करंदीकर वंदना जलगांवकर एवं अशफाक जावेदी तथा आशीष दशोत्तर थे।

निगम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के कार्यक्रम समन्वयक सफाई मित्र समूह संचालक अनिल पांचाल थे। निगम कर्मी किरण चौहान द्वारा रचित कचरा गाड़ी पर बजने वाले गीत की प्रस्तुति स्वयं किरण चौहान द्वारा दी गई। निगम कर्मियों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने उपस्थित दर्शकों का मनोरंजन किया । दो समूह

गान भी हुए कार्यक्रम का संचालन निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दिव्या पाटीदार ने किया व आभार उपायुक्त विकास सोलंकी ने माना।
कार्यक्रम के अंत में निगम आयुक्त द्‌वारा कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम जिला पंचायत सीईओ जमुना भिड़े सभी निर्णायको समाजसेवी गोविंद काकानी समाजसेवी व पत्रकार सुरेंद्र जैन को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शकों के साथ निगम के वरिष्ठ अधिकारी सुरेश व्यासएजी**ण के**ण **जायसवाल**ए **राजेश पाटीदार**ए **बृजेश कुशवाहा** ए**मनीष तिवारी**ए **भी उपस्थित थे।**

समाचारध**ज**ण**सं**ण**वि**णध**हेमन्त**ध02ण04ण2022ध**न**ण**पा**ण**निगम**ए **रतलाम**ण